प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-अयोध्या दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का दौरा करेंगे और देश के सामाजिक-सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतीक बनेंगे। श्री मोदी सप्तमंदिर जाएंगे, जहाँ महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुहा और माता शबरी से संबंधित मंदिर स्थित हैं। इसके बाद वे शेषावतार मंदिर के दर्शन करेंगे।

प्रधानमंत्री माता अन्नपूर्णा मंदिर भी जाएंगे। इसके बाद, वे राम दरबार गर्भगृह में दर्शन और पूजा करेंगे।

श्री मोदी अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर औपचारिक रूप से भगवा ध्वज फहराएंगे। यह मंदिर निर्माण के पूरा होने और सांस्कृतिक उत्सव एवं राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

वाटरशेड महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के उद्देश्य से भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 3 दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से "वाटरशेड महोत्सव" का भी शुभारंभ किया। उन्होंने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी को पुरस्कृत किया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को प्रशासनिक, वित्तीय एवं सामुदायिक स्तर पर मजबूत बनाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना है।

श्रम कानून- प्रतिक्रिया

भारतीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय मोर्चा यानी NFITU के जनरल सेक्रेटरी विराट जायसवाल ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

राष्ट्रपति-मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत को वर्ष 2000 में हरियाणा का सबसे युवा महाधिवक्ता नियुक्त होने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्हें 2004 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 2018 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। उन्हें मई 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

भावांतर योजना

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 24 नवंबर को 4 हजार 282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। रविवार 23 नवंबर को भी यही रेट जारी हुआ था। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

1- मुरैना जिले में बाजरा की खरीदी आज से 24 दिसम्बर तक की जायेगी।

2- शहडोल में सरदार वल्लभभाई पटेल एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

3- गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस पर आज बुरहानपुर के बड़ी संगत में आयोजन किया जाएगा।

4- सिवनी में आज से 29 नवंबर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

5- इंदौर–नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस आज से 16 कोच के साथ चलेगी।

6- जिला चिकित्सालय बैतूल के सफाई सामग्री स्टोर रूम में आज शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग पर नियंत्रण तो जल्द पा लिया गया, लेकिन घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तकनीकी जांच के लिए पांच सदस्यीय दल गठित किया है।